## खबर संक्षेप

### सांसद के मुख्य आतिथ्य में होगा भगवान बिरसा मुण्डा का जयंती कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा।** भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर जिला, प्रदेश और देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में जनजातीय कार्य विभाग छिन्दवाड़ा द्वारा पोला ग्राउण्ड छिन्दवाड़ा में सांसद बंटी विवेक साहू के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू प्रमुख रूप से शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद श्री साहू पोला ग्राउण्ड छिन्दवाड़ा में 15 नवंबर को प्रातः 11 बजे करेंगे।

### अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 19 नवंबर को

**पांढुर्णा।** कलेक्टर पांढुर्णा नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय छिंदवाड़ा एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पांढुर्णा एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा के द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पांढुर्णा, वरूड रोड जिला पांढुर्णा में 19 नवंबर 2025 बुधवार को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक किया गया है। रोजगार मेले में 06 कंपनियां उपस्थित रहेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन, समग्र आई.डी. (अनिवार्य) एवं संपूर्ण डॉक्यूमेंट/रिज्यूम के साथ निर्धारित तिथि व समय पर संस्था में उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ ले सकते हैं।

### हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी

**पांढुर्णा।** पांढुर्णा कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के विशेष अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत सिविल अस्पताल पांढुर्णा में जनजातीय समुदाय के लिए समर्पित एक विशेष स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व के लिये आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना था।

## अपने ही लोगों को बांट दिए लाखों रुपए, सौंसर विधायक के बाद जुन्नारदेव विधायक पर लगे आरोप

# नियम विरूद्ध तरीके से बंट रही स्वेच्छानुदान मद की राशि

*विधायकों की स्वेच्छानुदान राशि गरीबों की मदद के लिए इस्तेमाल की जाती है परंतु बहुत सारे विधायक इस निधि को रेवड़ी समझकर बांटते हैं और अपने ही लोगों को नियमों को ताक पर रखकर लाभ पहुंचाते हैं। यह मामला कोई नया नहीं है जिले में इसके पूर्व भी विधायकों की स्वेच्छानुदान राशि के बंटवारे पर सवाल और जांच की बात की गई थी और अभी हाल ही में सौंसर विधायक पर यह आरोप लगे थे परंतु अब इस बार जुन्नारदेव विधायक पर यह आरोप लगे हैं। नियमों के विरूद्ध विधायक निधि की राशि प्राप्त करने वालों पर कार्यवाही होगी या नहीं या राजनीति के चलते कार्यवाही दबा दी जाएगी। परंतु जनता के रूपयों का दुरूपयोग जनप्रतिनिधि करने से नहीं चूक रहे हैं। जिले में स्वेच्छानुदान मद की राशि पर बंटरबांट करने के मामले निरंतर खुले रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव (संजय जैन)

देश की शासन व्यवस्था में गरीब और जरूरतमंदों के सहयोग के लिए विशेष प्रावधान किए जाते रहे हैं। इसी के तहत अपने क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंदों को आवश्यकता अनुसार सहयोग राशि वितरण करने के लिए विधायकों को स्वेच्छानुदान राशि आवंटित की जाती है, जिसका उद्देश्य उस क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंदों को धनराशि देकर उनकी सहायता की जा सके लेकिन जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में शासन की इस मंशा का खुलेआम उल्लंघन किया गया है।

सन 2025 26 के वित्तीय वर्ष में स्थानीय विधायक सुनील उईके के द्वारा अपने विवेक अधिकार से किए गए स्वेच्छानुदान राशि की बंदरबांट की गई है। उन्होंने अपनी इस स्वेच्छानुदान धनराशि से अपने करीबियों को देकर आम जन की गरीबी का मजाक उड़ाया है। इस सूची में ऐसे नामो को देखकर हैरानी हो रही है जिन्हें रुपए 25000 की धनराशि प्रदान की गई है। इस सूची में इस क्षेत्र के बड़े-बड़े व्यापारीयो के नाम आ जाने से चौक चौराहों पर एक नई चर्चा पैदा हो चुकी है। विधायक के द्वारा वितरित की गई इस स्वेच्छा अनुदान धनराशि में नियमों का भी जबरदस्त उल्लंघन किया गया है। नियमों के मुताबिक जरूरतमंद और गरीब व्यक्ति को प्रदान की जाने वाली इस धनराशि को व्यापारिक फ़र्म को भी धनराशि दी जाना नियम के खिलाफ है।



इस सूची का अध्ययन किए जाने पर स्पष्ट हो रहा है कि विधायक ने अपने सहयोगियों, अपात्र व्यक्तियों और चाटुकारों को उपकृत करते हुए अपनी इस स्वेच्छानुदान धनराशि की बंदरबांट की है। इस मामले में बीते दिवस रन फॉर यूनिटी पदयात्रा में जुन्नारदेव पहुंचे सांसद विवेक बंटी साहू ने भी विधायक सुनील उईके की इस विवादित कार्यशैली का अपने भाषण में उल्लेख करते हुए यह आरोप लगाया था कि वह इस क्षेत्र के गरीब, शोषित, पीड़ित व वास्तविक आदिवासी हितग्राहियों के हितों का संरक्षण न करते हुए अपने ही करीबियों को आर्थिक सहायता स्वीकृत कर रहे हैं, जो कि नियमो के खिलाफ है। उनके द्वारा दी गई स्वेच्छा अनुदान राशि प्राप्त करने वालों के लिए पात्रता मापदंडों का सीधा उल्लंघन किया गया है। इसी मामले में क्षेत्र के भाजपा नेता आशीष ठाकुर पंद्रम ने कहा है कि विधायक सुनील उईके के द्वारा अपने सहयोगियों और चाटुकारों को इस तरह से शासकीय धनराशि का वितरण किया जाना जांच के घेरे में आना चाहिए। उन्होंने इस संदर्भ में विधानसभा अध्यक्ष से सीधा दखल देने की मांग करते हुए जांच किए जाने की मांग भी रखी है।

इस विषय में विधायक सुनील का पक्ष जानने के लिए उनके नंबर 9425899555 पर कॉल किया गया तो परंतु कॉल रिसीव नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा गया। आने वाले अंक में उनके पक्ष के साथ विश्लेषात्मक खबर का प्रकाशन किया जाएगा।

### एक ही परिवार को मिले 1,25,000 रुपए

विधायक सुनील उईके द्वारा वर्ष 2025 26 की स्वेच्छा अनुदान की धनराशि की वितरण सूची में कई चौंकाने वाले नाम देखने को मिल रहे हैं। इनमें एक नाम उनके सहयोगी स्थानीय व्यापारी उमेश बत्रा का बताया जाता है, जिनके परिवार के पांच सदस्यों को रुपए 25000 की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस व्यापारी की नगर में दो बड़े व्यवसाय ठिकाने हैं तथा उनके द्वारा इस नियम के तहत जरूरतमंद या गरीब होने की पात्रता का सीधा उल्लंघन देखा जा रहा है। स्वेच्छा अनुदान धनराशि के वितरण में इस सूची में उमेश बत्रा की पत्नी उनके दोनों बच्चों सहित माता-पिता का नाम शामिल है। इसके अलावा इसी सूची में विधायक के करीबी सुबोध राय के परिजनों को भी रुपए 50000 की धनराशि दिए जाने की जानकारी मिल रही है। इसके अलावा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा साहू के रिश्तेदारों को भी पात्र हितग्राही एवं जरूरतमंद ना होने के बावजूद भी इसी स्वेच्छाअनुदान की धनराशि से लाखों रुपए अंतरित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त दमुआ एवं तामिया के कई लोगों को इस विधायक के द्वारा उसकी की जा रही चाटुकारिता के बदले में उपकृत किया जाने का भी उल्लेख हो रहा है। इसके अलावा कुछ पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मचारियों के नाम पर भी इस स्वेच्छा अनुदान धनराशि का आहरण किए जाने की भी खबर है। व्यापारिक फर्म को कर दिया स्वेच्छा अनुदान की मद से भुगतानशासन के दिशा निर्देश के मुताबिक विधायकों की स्वेच्छा अनुदान धनराशि से सिर्फ गरीब और जरूरतमंदों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़ी चीजों के लिए ही भुगतान किया जाना चाहिए लेकिन इस मामले में नियमों का सरासर उल्लंघन किया गया है। इस मामले में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह उभर कर आया है कि नवेगांव की एक व्यापारिक फ़र्म शिवोम ट्रेडर्स को रुपए 25000 की धनराशि प्रदान कर उसे उपकृत किया गया है। स्वेच्छा अनुदान धनराशि का वितरण में यह बड़ी लापरवाही की गई है, जिसको लेकर स्थानीय जनता में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया है।

#### इनका कहना है

*विधायक स्वेच्छा अनुदान धनराशि का वितरण गरीब एवं जरूरतमंदों को ही किया जाना चाहिए, लेकिन जुन्नारदेव विधायक के द्वारा इसका सरासर उल्लंघन करते हुए अपने सहयोगियों एवं चाटुकारों को वितरण किया जाना चिंताजनक है। इस रकम पर गरीबों का ही अधिकार होना चाहिए था लेकिन इसका दुरुपयोग होना गैरवाजीब है। इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष को जांच में लेकर विधिसम्मत कार्रवाई की जानी चाहिए।*

*आशीष ठाकुर, भाजपा नेता, जुन्नारदेव*

## बाल दिवस पर बच्चों ने लगाया स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

शुक्रवार 14 नवंबर को ग्राम पंचायत मंडला के स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में बाल दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। स्कूल के छात्र - छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए।पूरे देश में भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया। स्कूलों में छात्रों ने इस अवसर पर विभिन्न आयोजन किए। जनपद पंचायत परासिया की ग्राम पंचायत मंडला में छात्रों ने जलेबी, मंगौड़े, गुपचुप, आलू पोंडे, बड़े, फल्ली एवं कई प्रकार की मिठाईयों दुकानें लगाई। शिक्षकों, पंचायत कर्मी एवं ग्रामीण इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुखचंद उइके, सरोज धुर्वे, संतोष सोनी, संजय विश्वकर्मा, मोनिका चिल्लाते, रविशंकर कुमरे, जगनलाल उइके, सरपंच धनपाल इनवाती, सचिव सागरशाह कवरेती, रीता यहके, स्कूल अध्यक्ष दीपमाला पन्द्राम, हमल उर्फ चांदी चौहान, सालिगराम, बाला चौहान, विजय चौहान, केसराम मरकाम एवं सभी बच्चे ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### बाल मेला में स्वच्छता का संदेश

**परासिया।** बाल मेला। परासिया। ग्राम भमोडी में शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में बाल मेला का आयोजन किया गया। सरपंच विपिन श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती पूजन के बाद सामूहिक वंदे मातरम गायन किया गया। साल की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया बाल मेला में छात्र-छात्राओं ने पुष्प सज्जा तथा चित्रकला के माध्यम से पोस्टर बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। ग्राम को स्वच्छ रखने का संकल्प लेते हुए पर्यावरण का महत्व बताया गया। बाल मेला में मिकी माउस बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। मिकी माउस के माध्यम से कचरे का निष्पादन तथा स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा व्यंजन की बगिया के 20 स्टाल लगाए गए जिसमें पातालकोट की रसोई से लेकर विभिन्न प्रकार के व्यंजन विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। जिसका लुत्फ ग्रामवासियों द्वारा उठाया गया।

## जानलेवा बीमारी काबू में, 2 दिनों से पशु बीमार नहीं

**पांढुर्णा।** यहां पशु चिकित्सालय बीएमओ डॉ. सोनिया परते ने बताया कि दो दिनों में हिवरापृथ्विराम में पशुओं पर आया बीमारी का प्रकोप पूरी तरह नियंत्रित कर लिया गया है। हमने बीते 3 दिनों में ग्राम में पशुओं को एंटिबायोटिक डोज लगाया और अन्य ट्रिटमेंट दी है उसके सकारात्मक परिणाम सामने आए है। आज शाम तक जिन पशुओं और मनुष्यों के ब्लड सैंपल भोपाल भेजे थे उनकी रिपोर्ट आयी नहीं है। रिपोर्ट आने के बाद उचित निर्णय लिया जाएगा। डॉ. नीतेश सूर्यवंशी ने बताया कल सुबह से हिवरापृथ्विराम और आस पास के गांवों के सभी पशुओं को टीका लगाने का अभियान शुरू हो रहा है। इसके लिए ग्रामपंचायत और कुछ जनप्रतिनिधियों को सूचना दी गई है और गांवों में ऐसी उद्घोषणा करने के लिए कहा गया है।



### जिला भाजपा कार्यालय में मना जश्न

**पांढुर्णा।** बिहार विधानसभा चुनाव में मिली अभूतपूर्व जीत को लेकर यहां जिला भाजपा कार्यालय में जश्न मनाया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने खूशी के मारे नृत्य किया, कार्यकार्ताओं द्वारा धूमधडाके से आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटी गई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे एवं नगरमंडल अध्यक्ष बंटी छागाणी के अलावा अनेक मौजूद रहे।

## गंगई में आबकारी दल की दबिश, शराब बनाने तैयार था लाहन

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के र्गिदर्शन में जिले के आबकारी अमले द्वारा आज प्रातः के समय ग्राम गंगई में दबिश दी गई। गंगई में डैम के किनारे विभिन्न स्थानों पर प्लास्टिक की पन्नियों में भरा हुआ महुआ लाहन बरामद कर विधिवत नष्ट किया गया। डैम की दूसरी ओर जंगल में गड्ढे खोदकर उनमें भरा हुआ महुआ लाहन भी आबकारी दल द्वारा नष्ट किया गया। टीम को यहां पर चालू भट्टियां भी मिली जिन्हें तोड़ दिया गया। इसी स्थान पर प्लास्टिक की अलग-अलग पन्नियों में भरी 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। अंत में ग्राम झंडा की सीमा में जंगल के मध्य प्लास्टिक की कुछ कैनो में बरामद 400 किलोग्राम महुआ लाहन टीम द्वारा विधिवत नष्ट किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की 1915 की धारा 34 के तहत कुल 08 प्रकरण दर्ज कर 4200 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया तथा 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री कैलाशचंद्र चौहान, श्री वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक श्री आकाश मेश्राम, श्री जीतसिंह धुर्वे, सुश्री वैशाली भगत, श्री अनिकेत पटेल, श्री हर्ष सोनी, सुश्री रुचि बागरी के साथ ही आबकारी आरक्षक उपस्थित थे।



## छिन्दवाड़ा जिले में पशुओं में संक्रामक बीमारी का नहीं है कोई भी केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरेंद्र नारायन ने बताया है कि सीमावर्ती जिले में पशुओं में संक्रामक बीमारी एंथ्रेक्स जैसे लक्षण प्रतीत होने पर एहतियातन जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जिले में संक्रामक बीमारी का कोई भी केस नहीं है। सीमावर्ती जिले में इस बीमारी से मिलते जुलते लक्षणों वाले संदिग्ध केस पाए जाने पर सावधानी बरतते हुए एहतियात के तौर पर जिले में पशु चिकित्सा जांच के बिना पशुओं के परिवहन एवं खरीद - बिक्री पर रोक लगाई गई है। यह बीमारी पशु से सीधे संपर्क में आने पर ही मनुष्य में फैलती है, लेकिन मनुष्य से मनुष्य के मध्य नहीं फैलती है। कलेक्टर श्री नारायन ने बताया कि जिले में संक्रामक बीमारी का कोई केस नहीं है, इसीलिए जिलेवासियों को घबराने की जरूरत नहीं है। उप संचालक पशुपालन विभाग छिन्दवाड़ा ने भी अपील की है कि जिले के पशुपालकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

### बाल दिवस पर बच्चों में दिखा उत्साह

**छिंदवाड़ा।** संत चावरा नेशनल अकादमी में बाल दिवस का जश्न बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना के साथ हुई, जिसे शिक्षकों ने प्रस्तुत किया। इसके बाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।विद्यालय प्रबंधक फादर स्टेनिन ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने भविष्य के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।शिक्षकों ने बच्चों के लिए नृत्य और गीत प्रस्तुत किए, जिससे बच्चों का मनोरंजन हुआ और उन्हें खुशी मिली।विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जैसन ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।बाल दिवस के अवसर पर बास्केटबॉल और क्रिकेट मैच भी खेले गए, जिसमें बच्चों और शिक्षको ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## कृषि विस्तार अधिकारियों की उपस्थिति में होगा प्राइवेट दुकानों से खाद का वितरण:कलेक्टर

### कलेक्टर श्री नारायन ने की खाद वितरण एवं भावांतर योजना की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



रबी सीजन के सुचारू संचालन को लेकर कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा खाद वितरण एवं भावांतर भुगतान योजना की नियमित समीक्षा की जा रही है। शुक्रवार को भी उन्होंने कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में बैठक लेकर इसकी समीक्षा की और जिले में खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए सुचारु एवं पूरी पारदर्शिता के साथ वितरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह सहित कृषि विभाग, सहकारिता, मार्कफेड एवं जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

जिले में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण की सुचारू व्यवस्था के लिए सभी फुटकर एवं थोक विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठानों में मूल्य सूची एवं स्टॉक प्रदर्शन अनिवार्यतः करने एवं अन्य उत्पादों के टैगिंग किये बिना निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक विक्रय करने के निर्देश दिए हैं। निजी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में शासन द्वारा निर्धारित दर पर उर्वरक विक्रय सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी प्रतिदिन विक्रेता के प्रतिष्ठान का उर्वरक स्टॉक अपने समक्ष ओपनिंग एवं क्लोजिंग कर उर्वरक स्टॉक की जानकारी अनुविभागीय कृषि के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट किया कि किसानों को खाद वितरण में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उर्वरकों का समुचित भंडारण एवं सुचारू वितरण सुनिश्चित किया जाए। किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध कराएँ। अभी ज़िले में लगभग 6000 मीट्रिक टन यूरिया एवं 10435 मीट्रिक टन डीएपी एनपीके खाद उपलब्ध है। माँग अनुसार लगातार खाद ज़िले को प्राप्त हो रही है।

भावांतर भुगतान योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि मध्यप्रदेश में भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन फसल की विक्रय अवधि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक नियत की गई है।

## उत्साहपूर्वक मनाया वार्षिक खेल दिवस और बाल दिवस

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पांढुर्णा में किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पांढुर्णा में आज वार्षिक खेल दिवस और बाल दिवस का भव्य आयोजन जिला पांढुर्णा कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर विद्यालय प्रांगण में बच्चों के उत्साह और ऊर्जा से भरपूर वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कबड्डी, बास्केटबॉल, दौड़, लंबी कूद, टेबल टेनिस, शतरंज, क्रिकेट आदि खेल शामिल थे। इन सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पांढुर्णा कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा सर्वप्रथम मां शारदे एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात उन्होंने बच्चों को जीवन में खेलकूद की गतिविधियों को अपनाने की प्रेरणा दी तथा खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजन के दौरान जिला कलेक्टर द्वारा विजेता प्रतिभागियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया, जिससे शिक्षकों में उत्साह और गर्व की भावना देखने को मिली।

### आत्मनिर्भर बनने के लिए बच्चों ने लगाए स्टॉल एवं विज्ञान एक्टिव मॉडल

**चौरई।** चौरई में बाल दिवस के मौके पर शहर के विकोन पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्टॉल लगाकर बाल मेले का आयोजन किया है, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक और शहर के लोग मेला देखने पहुंचे। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस मेले को लगाया गया है जिसके माध्यम से लोगों को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल में लगाए गए स्टॉल में अभिभावकों शिक्षकों ने भी खरीदारी की है।दरअसल आपको बता दें कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसी के तहत चौरई शहर के विकोन पब्लिक स्कूल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकोन पब्लिक स्कूल के स्टाफ द्वारा एक बाल मेले का आयोजन किया गया। इस बाल मेले में स्कूली बच्चों ने स्टाल लगाए हैं, जिसमें अभिभावकों और शिक्षकों ने खरीदारी कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया है। चाचा नेहरू का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित गए है।



### ढोल नगाड़ों के बीच की आतिशबाजी और बांटी मिठाई

## बिहार चुनाव में जीत, छिंदवाड़ा में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बिहार के विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचण्ड जीत पर छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में भाजपा में जश्न का माहौल है। इस ऐतिहासिक जीत पर जहां सांसद बंटी विवेक साहू ने चौरई प्रवास के दौरान ढोल-नगाड़ों के बीच भाजपा के तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाते हुए जश्न मनाया वहीं सांसद कार्यालय छिंदवाड़ा में भी भाजपा के तमाम वरिश्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी आतिशबाजी करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और जश्न मनाया।

सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में यह प्रचण्ड जीत हासिल हुई है। बिहार की जनता ने भाजपा शासित राज्यों में हो रहे चहुँमुखी विकास को देखते हुए और एनडीए पर भरोसा करते हुए इस विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक वोटिंग करते हुए एनडीए को बहुमत दिलाया है। यह जीत बिहार की जनता की जीत है। सांसद श्री साहू ने बताया कि बिहार राज्य में निवासरत महिलाओं ने भी इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ऐतिहासिक वोंटिग की उन्होंने भाजपा द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के भाजपा के संकल्प पर विश्वास जताया है।

### एनडीए की जीत का मन जश्न, आतिशबाजी के साथ बधाई देकर बांटी मिठाई

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने बिहार विधानसभा एन डी ए को मिली ऐतिहासिक जीत पर सभी को मिठाई खिलाकर बधाई दी। बिहार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर जिला भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी भी की गई।



इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि यह बिहार की जनता, एन डी ए के कुशल नेतृत्व और जनलाभकारी योजनाओं की जीत है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने यह बता दिया है कि लोभ लालच उन्हें डिगा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को विकास चाहिए और जनता यह जानती है कि बिहार का विकास एन डी ए की सरकार में ही संभव है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने विपक्ष के झूठ और फरेब की राजनीति को आईना दिखाया है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में एन डी ए की जीत जनता के भरोसे की जीत है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, क्षेत्र में निकाली गई रैली

# कांग्रेस नेताओं ने की तहसील कार्यालय में जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर किसने की ज्वलन समस्याओं को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सोपा गया, कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के छायाचित्र पर कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारियों द्वारा प्रज्वल्लन माल्यार्पण किया गया।

कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्र के किसानों से संबंधित प्रमुख समश्याओ जैसे सीसीआई खरीदी कपास मूल्य वृद्धि,मक्के की खरीदी, बिजली की समस्या एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर महामहिम राज्यपाल के नाम अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सौसर को ज्ञापन सौंपा गया, इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने तहसील कार्यालय परिसर में नारेबाजी करते हुए सीसीआई के द्वारा जल्द खरीदी शुरू करने और कपास का मूल्य 10000 प्रति क्विंटल देने की मांग,

साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती, मक्के की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के साथ ही 3 हॉर्सपावर की मशीनों को बढ़ाकर 5 हॉर्स पावर की मशीन की सुविधाये देने की मांग, विधायक विजय चौरे,डॉ.राजेंद्र येमदे,पुनाराम बाविस्टाले, युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव सोपान कोहले, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत धुर्वे, ब्लॉक युका अध्यक्ष राजा बोढे, पंकज दातारकर, सरपंच गोमाजी उईके, अमरीश जैसवाल, विट्ठल गायकवाड, मारोती कारोकार, दिलीप गुर्वे,कैलाश चौधरी, ज्ञानेश्वर गावंडे, डॉ.शिव सलोटकर, अलकेश बागड़े आदि थे।

### कढ़ैया में हुआ जनजाति गौरव यात्रा का स्वागत

**सौंसर।** भगवान बिरसा मुंडा की जंयती उपलक्ष्य में निकली जनजाति गौरव यात्रा पर ग्राम कढैया पहुची, जहा पर भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासीयों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुये कहा कि, भगवान बिरसा मुंडा केवल एक जनजातीय नायक ही नही, बल्कि भारत की आजादी, स्वाभिमान, और जनहित की लढाई के अमर प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में आदिवासी समाज के गौरव को सम्मान देने के लिये अनेक ऐतिहासिक कदम उठाये जा रहे है। जनजाति गौवर यात्रा का उद्येष्य उनके संघर्ष, बलिदान और उनकी विरासत को नई पीढी तक पहुचाया जाये। कढैया ग्राम की यह भागीदारी दर्षाती है कि, हमारा आदिवासी समाज अपने इतिहास और संस्कृति को लेकर गर्वित है।



### जनजातीय गौरव दिवस पर पांढुर्णा में बिरसा मुंडा को नमन

**पांढुर्णा।** पांढुर्णा कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में आज जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत पांढुर्णा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अल्का एक्का द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पांढुर्णा में भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन किया गया। जनजातीय नायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में उनकी वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्र के लिए किए गए अद्वितीय योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में उपस्थित एनएसएस एवं एनसीसी विद्यार्थियों ने भी जनजातीय गौरव दिवस के महत्व को जाना और आदिवासी नायकों के संघर्षों से प्रेरणा लेने की बात कही। इसी अवसर पर एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अल्का एक्का द्वारा छात्रों को (एसआईआर) विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रक्रिया के महत्व, इसके माध्यम से किए जाने वाले कार्यों तथा आगामी समय में उनकी भूमिकाओं के बारे में बताया।

### एसआईआर हेल्प डेस्क संबंधी बैठक सम्पन्न, एसडीएम श्रीमती एक्का ने की अध्यक्षता

**पांढुर्णा।** पांढुर्णा में आज एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक पांढुर्णा कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अल्का एक्का द्वारा की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य एसआईआर प्रक्रिया के दौरान प्राप्त सूचनाओं और शिकायतों के कुशल समाधान हेतु स्थापित हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की समीक्षा करना था। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि हेल्प डेस्क पर आने वाली प्रत्येक जानकारी को समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से निपटाया जाए, ताकि एसआईआर अभियान सुचारू रूप से संचालित हो सके। एसडीएम अल्का एक्का ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हेल्प डेस्क की गतिविधियों की नियमित निगरानी करें और जनता को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएं। उन्होंने पारदर्शिता, त्वरित प्रतिक्रिया और सटीक डेटा संग्रह पर विशेष जोर दिया।कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक ने एसआईआर प्रक्रिया को और अधिक मजबूत, व्यवस्थित और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सुनिश्चित किया।

### विद्युत उपभोक्ताओं के लिए सौगात : समाधान योजना 2025-26 से मिलेगी अधिभार में राहत

**पांढुर्णा।** मध्यप्रदेश शासन की विद्युत विभाग के अंतर्गत समाधान योजना 2025-26 का क्रियान्वयन 01 नवम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। यह योजना ₹जल्द आयें, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पायें₹ के सिद्धांत पर आधारित है। पांढुर्णा संभाग के अंतर्गत समस्त वितरण केन्द्रों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के सभी घरेलु, गैर घरेलु, औद्योगिक एवं कृषि श्रेणी के 3 माह से अधिक लम्बित विद्युत बिल वाले कुल 10842 उपभोक्ता इस समाधान योजना के लिये पात्र हैं, जिनकी कुल बकाया राशि रु 2.32 करोड़ है। इस बकाया राशि में से संचयी अधिभार राशि रु 45.69 लाख की छूट समाधान योजना अंतर्गत प्रदाय की जाएगी। योजना के अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं को प्रथम चरण (01 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक) में 60 से 100 प्रतिशत तक तथा द्वितीय एवं अंतिम चरण (01 जनवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक) में 50 से 90 प्रतिशत तक संचयी अधिभार माफ किया जाएगा। समाधान योजना के अंतर्गत पांढुर्णा संभाग में 13 नवंबर 2025 को संतोषी माता वार्ड, ग्राम पंचायत मारूड, बडचिचोली, नरसला, ढोलनखापा, राजना, सिवनी, तीगांव, खडकी, आजनगांव एवं सिराठा में शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें 72 पात्र उपभोक्ताओं को योजना से लाभान्वित किया गया। विद्युत विभाग की सभी घरेलु, गैर घरेलु, औद्योगिक एवं कृषि श्रेणी के सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं से अपील है कि वे अपने नजदीकी वितरण केन्द्र कार्यालय या शिविरों में शीघ्र पहुँचकर योजना का लाभ अवश्य लें।

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर पांढुर्णा में आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**पांढुर्णा।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज 15 नवम्बर 2025, दिन शनिवार को प्रातः 12:30 बजे से एम.पी.एल. ग्राउंड, पांढुर्णा में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में विधायक पांढुर्णा श्री निलेश उइके, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पांढुर्णा श्री संदीप घाटोडे, अध्यक्ष जनपद पंचायत पांढुर्णा श्रीमती लता तुमड़ाम तथा अध्यक्ष जनपद पंचायत सौंसर श्री संजय भुते अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12:30 बजे दीप प्रज्वलन और प्रदर्शनी के अवलोकन से होगा, जिसके बाद 12:45 बजे वंदे मातरम और 12:55 बजे झंडा ऊंचा रहे हमारा गीत प्रस्तुत किया जाएगा। 1:05 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी, वहीं 1:35 बजे उत्कृष्ट प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

# यूनिटी मार्च में युवाओं में दिखा देशभक्ति का जज्बा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

शुक्रवार को एक भारत एक संकल्प एक पहचान के संदेष के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जंयती के उपलक्ष्य में सौसर विधानसभा क्षेत्र के लोधीखेडा से प्रारंभ हुई युनिटी मार्च पदयात्रा का ग्राम सवरनी में समापन हुआ। यात्रा में सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नाना मोहोड, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र परमार, पांढुर्णा नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे, राजेन्द्र भक्ते, नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना जायसवाल, डॉ अनूप जैन, मोरेष्वर मर्सकोले, बाबा बोबडे, जिला महामंत्री देवेन्द्र बाल्या गायकवाड, जनपद पंचायत सदस्य डॉ गुलाब पांडे प्रीतम राऊत, सदन साहू, पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड, सौसर मंडल अध्यक्ष दर्षन झाडे, नामदेव पाल, प्रभाकर बोबडे, सदानंद डोंगरे सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक, संगठनों के पदाधिकारी ग्रामवासीयों ने बढचढकर भाग लिया। लोधीखेडा से निकली युनिटी मार्च पद यात्रा रझाडी बोरगांव, रंगारी ठोका, रंगारी सापर, वैरागढ, मांगुरली होते हुये सवरनी पहुची। जहा पर समापन हुआ। पूरे मार्ग में तिरंगा लहराता रहा, देषभक्ति नारों एवं संगीतमय देषभक्ति गीत गुजांयमान हो उठे। यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। अवसर पर बोलते हुये वक्ताओं ने कहा कि, हमारी एकता ही हमारी षक्ति है।

# बालदिवस पर कोपरावाड़ी कला शासकीय स्कूल में हुए कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोपरवाडी कला में बालदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्षता श्रीमती संध्या मसराम प्रभारी प्राचार्य ने की, कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, कार्यक्रम में मुख्य अतिथी प्रभारी प्राचार्य सुनिल कोरडे पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस एवं बाल दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं की। बाल दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा हिंदी मराठी गीतों ओर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां दी, इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता एवं चेयर रेस का आयोजन किया गया जिसमें विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मारुति गुरुवे एवं आभार प्रदर्शन मनमोहन पाठक ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

## पंडित नेहरू व विधायक विवेक पटेल के जन्मदिन पर काटा गया केक

# बाल दिवस पर बगीचे में स्वास्थ्य शिविर व विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री व बच्चों के बीच चाचा के नाम से मशहूर पंडित जवाहर लाल नेहरु और वारासिवनी-खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विवेक विक्की पटेल का जन्मदिन शुक्रवार को कांग्रेसजनों, स्कूली बच्चों और श्री पटेल केसमर्थकों द्वारा गॉधी बाल उद्यान में अत्यंत धूमधाम से मनाया गया।

बच्चों ने पेश किए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमः इस अवसर पर गॉधी बाल उद्यान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और नन्हें-मुन्ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगरीय क्षेत्र की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई, कैरियर उच्चतर स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा ट्राफिक नियमों के बारे में नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। इस दौरान नगर के शासकीय, अशासकीय स्कूल के विद्यार्थी व शिक्षक-शिक्षिकाएँ मौजूद रहे। विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी ड्राइंग सीट पर एक से बढक़र एक मनोहारी चित्र बनाकर लाए थे, जिन्हें विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा पुरस्कृत किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 50 से अधिक लोगों की आँखे की जांच के बाद विधायक विवेक पटेल के हस्ते चस्मा वितरण किया गया। उपस्थित बच्चों को पुलाव, बिस्किट, चाकलेट सहित खाने पीने की अन्य वस्तुयें भी दी गई।

विधायक विवेक पटेल के जन्मदिन पर काटा गया केकः इस अवसर पर गांधी बाल उद्यान में विधायक विवेक विक्की पटेल के समर्थकों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया। जहाँ पर उपस्थित बच्चों से विधायक श्री पटेल ने स्वयं मिलकर उनसे हाथ मिलाया और उनका उत्साहवर्धन किया। इसके पूर्व विधायक विवेक पटेल ने प्रातः काल अपनी माँ के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया और मंदिर पहुँच कर भगवान की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की।

## बाल दिवस पर विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# प्रियदर्शनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल बालाघाट में उत्साहपूर्वक मनाया गया रंगारंग बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगर के हृदय स्थल कमला नेहरू महिला मण्डल, बालाघाट में संस्था प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट द्वारा दिनांक 14 नवम्बर 2025 को बाल दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर संस्था द्वारा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रोचक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें सांस्कृतिक नृत्य, गीत, नाटक, फेस पेंटिंग, फैन्सी ड्रेस तथा खेलकूद गतिविधियाँ शामिल थीं। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री विक्रांत वर्मा जी तथा संस्था की संचालक श्रीमती दुर्गा वर्मा जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को बाल दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि "बालक देश का भविष्य हैं, उन्हें सही दिशा और प्रेरणा देना हम सबका कर्तव्य है।"कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मंच संचालन श्री अभिलेश रावते द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन श्री विक्रांत वर्मा ने किया।पूरा आयोजन संस्था की संचालक श्रीमती दुर्गा वर्मा एवं शिक्षण स्टाफ के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# रागिनी गुप्ता को मिली पीएचडी की उपाधि



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** नगर के गुप्ता परिवार की बालिका और बोथरा परिवार की पुत्रवधू रागिनी गुप्ता पति स्वर्गीय अतुल बोथरा को एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह मध्य प्रदेश से अर्थशास्त्र विषय में पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने "ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की कार्य सहभागिता और मजदूरी संरचना का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन खासतौर पर बालाघाट जिले के विशेष संदर्भ में अपना शोध कार्य पूर्ण किया। शोध निर्देशक डॉ विजय कुमार साहू कला एवं मानविकी संकाय अर्थशास्त्र विभाग के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूरा किया। रागिनी को पीएचडी की उपाधि मिलने पर क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी ने भी बधाई प्रेषित की है। वर्षों की मेहनत, समर्पण और बौद्धिक खोज के बाद रागिनी को यह उपाधि मिली है। रागिनी ने चर्चा करते हुए बताया कि बालाघाट जिला जिसे नक्सल प्रभावित और आदिवासी बाहुल्य जिले के तौर पर देखा जाता है। ऐसे में यहां श्रमिकों की कार्य संरचना पर शोध करना बेहद रोमांचक रहा। बालाघाट को एक शोधकर्ता के तौर पर करीब से जानने का अवसर मिला। वह अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता स्वर्गीय माता-पिता पार्वती विनोद गुप्ता, अपने भाई वैभव गुप्ता को देती है। वहीं रागिनी की सफलता पर कमलाबाई बोथरा, उमेश बोथरा, अंशुल बोथरा , प्रदीप गुप्ता, मनोज बाटिया ,शंकर गुप्ता, दिव्या बोथरा सहित तमाम शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। रागिनी ने बताया कि शोध कार्य में डॉ.निखत खान, डॉ.दुर्गा प्रसाद गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

## मंडई की जान ग्वारी नृत्य ने दर्शकों का किया भरपूर मनोरंजन

# लगमा मंडई घूमने उमडी हजारों की संख्या में भीड़



हरिभूमि न्यूज उकवा ।

जनपद पंचायत परसवाड़ा की ग्राम पंचायत लगमा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मंडई का सामूहिक आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया जिसका लुफ्त उठाने हजारों की तादाद में लोगों की भीड़ उमड पड़ी लगमा एवं आसपास के ग्रामों से आए हजारों की संख्या में लोगों ने मंडई का भरपूर लुप्त उठाया जमकर खरीदारी के साथ महिला बच्चे बूढ़े एवं जवान झूले का लुफ्त उठाने कतार मे अपनी बारी आने का इंतजार करते नजर आए । ग्वारी नृत्य में प्रथम स्थान पाने वाली लगमा की नृत्य पार्टी को 1001रु का नगद इनाम दिया गया इसी तरह द्वितीय इनाम राजपुर को 501रु एवं तृतीय और चतुर्थ आने वाली खंडापार एवं सुंदरवाही की टीम को 251 रुपए नगद पुरस्कार दिया गया । मंडई आयोजन में श्रीमती अंजलि मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत लगमा श्री राजकुमार नागेश्वर उप सरपंच मुलायम चंद गौतम सचिव भागु लाल पटले सहायक सचिव अशोक दीवान देव सिंह उइके कपूर चंद कटरे युवराज रनवेर प्रीतम कुमार आलोद लोकचंद पटले दिनेश चौहान ओमकार चौहान राजकुमार कटरे मनोज इनवाती रीमला कुम्हरे लक्ष्मी पटले इमरत तेकाम छगन बोपचे एवं समस्त पंचगण और ग्रामवासी के सहयोग से मंडई मेले का सफल आयोजन किया गया ।

## आधा दर्जन से अधिक शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही

# राबियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हाईस्कूल सुनारककोड़ी

### पचांयत, शिक्षा विभाग सहित लांजी थाने में भी की जा चुकी है शिकायत

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** स्कूल शिक्षा का मंदिर है जहाँ हम सीखने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं। यह एक ऐसी जगह है जहाँ बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ शिष्टाचार, अनुशासन, समय की पाबंदी और कई अन्य बुनियादी बातें सीखते हैं। परंतु यह सब बातें जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम सुनारककोड़ी के शासकीय हाईस्कूल में बेमानी साबित हो रही है। सुनारककोड़ी ग्राम का शासकीय हाईस्कूल परिसर छुट्टी के बाद नशेडिय़ों का अड्डा बन गया है। स्कूल परिसर में शराब पीने और अन्य असामाजिक गतिविधियां आम हो गई हैं। दरअसल, असामाजिक तत्व रात के अंधेरे में स्कूल में जमा होते हैं। वे न केवल नशा करते हैं, बल्कि अन्य अवैध गतिविधियों को भी अंजाम देते हैं। यहां चोरी की घटनाएं भी सामने आई हैं। इन असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ बच्चे भी खासे परेशान हैं। आए दिन हो रही ऐसी करतूतों से बच्चों का पढ़ाई से ध्यान भटक रहा है। स्कूल प्रबंधन द्वारा इस परेशानी से निजात पाने के लिये पिछले एक सप्ताह के भीतर ग्राम पंचायत, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी के अलावा लांजी थाने में भी शिकायत की जा चुकी है परंतु अब तक कोई कार्यवाहीं नहीं होने से शराबियों के हौसले बुलंद है। टीचर्स का मानना है कि स्कूल की बाउंड्रीवाल बनने से इन गतिविधियों पर रोक लग सकती है। स्कूल के शिक्षकए शिक्षिकाएं और बच्चे इन असामाजिक गतिविधियों से परेशान हैं। स्कूल प्रशासन को इस समस्या के समाधान जल्द समाधान की मांग की है।



**शराब की खाली बोतलें तोड़कर परिसर में फेंकते हैं:** स्कूल शिक्षकों ने बताया कि नशेड़ी शराब की खाली बोतलें तोड़कर परिसर में फेंक देते हैं। इससे खेलते समय बच्चों के पैरों में कांच चुभने का खतरा रहता है। शराबियों द्वारा विगत दिनों स्कूल में पीछे की तरफ से प्रवेश कर क्लासरूम से टेबल कुर्सी निकालकर उसमे केट काटा और उसे वहीं छोड़ दिया। साथ ही परिसर में रखे पेड़ पौधों के गमलों को भी तोड़ फोड़ कर दिया गया। शराबी तत्व यहीं नहीं रूके अपनी करतूत छिपाने के लिये स्कूल में लगे कैमरों को भी इनके द्वारा निकाल लिया गया है जिससे स्कूल की शांति पूरी तरह भंग हो चुकी है। ग्राम सुनारककोड़ी में शराबियों और असामाजिक तत्वों का उपद्रव इस कदर बढ़ चुका है की उन्हें पुलिसिया कार्यवाही का भी भय नहीं है। इनके द्वारा स्कूल परिसर के आजू बाजू में क्लासरूम की खिड़कियों के पास भी गंदगी कर दी गई है जिसकी बदबू और गंध से क्लास में बच्चों का बैठना भी दूभर हो चुका है।

**शराबियों ने खिड़कियों के सरिये तोड़ेः** स्कूल के प्रभारी प्राचार्य मदनलाल एड़े ने बताया कि असामाजिक तत्व स्कूल में चोरी भी कर जाते हैं। खिड़कियों के सरिये तोड़ जाते हैं। कैमरे भी तोड़ दिए हैं। स्कूल परिसर में गंदगी भी फैलाते रहते हैं। उन्होंने बताया कि असामाजिक तत्व आए दिन यहां अनैतिक गतिविधियां करते रहते हैं। शासन द्वारा कुछ समय पूर्व शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन हेतु सभी शासकीय स्कूलों में एलईडी उपलब्ध कराई गई थी जिसे भी शराबियों द्वारा खिड़की से पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस समस्या को लेकर हमने वरिष्ठ अधिकारियों को भी बताया है। पुलिस थाने में भी आवेदन देकर शिकायत की है। प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि हम भी चाहते हैं कि यहां असामाजिक तत्वों का आना बंद हो जाए।

**ग्राम में शराब बिकने के कारण हो रही है समस्याः** शासकीय हाईस्कूल सुनारककोड़ी में शराबियों और आसामाजिक तत्वों द्वारा किये जा रहे उपद्रव को लेकर ग्राम के उपसरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीणों ने कहा की ग्राम में अवैध शराब बिक्री के कारण आसामाजिक तत्वों और शराबियों का उपद्रव बढ़ गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध शराब बेचने वालों पर कार्यवाही न करने के कारण ऐसे हालात पैदा हो रहे है। ग्राम में दर्जन भर से अधिक ठिकानों पर धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री की जा रही है जिससे ग्राम के युवक नशे की बुरी लत का शिकार हो रहे है।

### इनका कहना है

हमे ग्राम सुनारककोड़ी के शासकीय हाईस्कूल से शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा लगातार ऐसे असामाजिक तत्वों और गुंडा बदमाश प्रवृत्ति के लोगों को पकडऩे का प्रयास किया जा रहा है। रात्रि में गश्त भी बढ़ा दी गई है। छात्रों को अध्यापन के लिये सुरक्षित और अच्छा वातावरण मिले यही हमारा प्रयास है।

**दीपसिंह परमार , टीआई लांजी थाना**

## खबर संक्षेप

### मास्टर बर्गर का खाद्य पंजीयन निलंबित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** खाद्य निरीक्षक सिवनी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग सिवनी द्वारा अल्फा बेकरी कटंगी रोड से निर्मित टोस्ट एवं बिस्कुट का नमूना, गुड फूड किचन बुधवारी बाजार सिवनी से वेज नूडल्स का नमूना, मास्टर बर्गर बाबरिया रोड से वेज मोमोज एवं फ्रोजन आलू टिक्की का नमूना जांच हेतु लिया गया एवं मास्टर बर्गर बाबरिया रोड के किचन एवं फ्रिज में कॉकरोच पाए जाने तथा खाद्य सामग्री को अस्वस्थ परिस्थितियों में रखने किचन में साफ सफाई की कमी पाए जाने के कारण खाद पंजीयन निलंबित किया गया। इसी तरह श्री अग्रवाल भोजनालय, गणेश भोजनालय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य कारोबार कर्ताओं को स्वच्छ वातावरण में गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री निर्माण एवं भंडारण करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए कॉल सेंटर स्थापित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय सिवनी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के सुविधाजनक रूप से संपादन एवं आम नागरिकों, बीएलओ की सहायता के लिए कॉल सेंटर 1950 शुरू करने के आदेश जारी किए गए हैं।

जारी आदेशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिवनी द्वारा कॉल सेंटर स्थापित कर 03 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई जिसमें क्रमशः कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला चिकित्सालय सिवनी श्री धीरज पाल मो.नं. 7987156622 की प्रातः 09 बजे से 01 बजे तक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर श्रीमती दिक्षा शर्मा चिकित्सालय गोपालगंज, मो.नं. 9827676060 की दोपहर 01 बजे से 05 बजे तक तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर चिकित्सालय गोपालगंज श्री सचिन चौरसिया, मो.नं. 9303768154 की ड्यूटी शाम 05 बजे से रात 10 बजे तक लगाई गई है। कॉल सेंटर के कर्मचारी प्रतिदिन कॉल सेंटर में प्राप्त कॉल और जानकारी का रजिस्टर संधारित करेंगे।

# धूमा वन विभाग में कार्रवाई पर उठे सवाल, मूल शिकायत पर नहीं, अन्य दिशा में बनाया जा रहा दबाव

**संवाददाता मुकेश साहू। सिवनी/धूमा।** धूमा वन परिक्षेत्र एक बार फिर चर्चाओं में है। यहां विभागीय कार्यप्रणाली और शिकायतों के निपटान को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में एक जिला पंचायत सदस्य द्वारा की गई मूल शिकायत पर विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उल्टा, संबंधित शिकायतकर्ता का आरोप है कि कार्रवाई करने के बजाय वन विभाग के कुछ अधिकारी किसी अन्य व्यक्ति पर दबाव बना रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, शिकायत जिला पंचायत सदस्य द्वारा गंभीर अनियमितताओं और विभागीय लापरवाही से जुड़ी थी। परंतु, धूमा वन परिक्षेत्र के डिप्टी रेंजर और एक स्थाई वनकर्मी पर आरोप है कि वे मामले को मोडऩे की कोशिश कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि संबंधित कर्मचारी धूमा क्षेत्र का ही स्थाई निवासी है, जिसके कारण विभागीय निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।




ग्रामीणों का आरोप है कि जब से धूमा में नए परिक्षेत्र अधिकारी की पदस्थापना हुई है, तब से क्षेत्र में कई कार्य व्यवस्थित रूप से नहीं चल रहे हैं। न तो समय पर गश्त हो रही है और न ही अवैध कटाई जैसी गतिविधियों पर अंकुश लग पाया है।

### ऐसे में लोग पूछ रहे हैं क्या रेंजर अपने ही कर्मचारियों से निष्पक्ष तरीके से काम करा पाएंगे?

वन विभाग की छवि सुधारने के लिए आवश्यक है कि विभाग शिकायतों पर पारदर्शी कार्रवाई करे और किसी भी स्तर पर पक्षपात न हो। यदि जिला पंचायत सदस्य की शिकायत वाजिब है, तो उस पर विधिवत जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं, यदि किसी पर झूठे आरोप लगाए गए हैं तो उसकी भी सत्यता जांच के बाद स्पष्ट की जानी चाहिए।

फिलहाल, स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि विभाग की भूमिका को लेकर असंतुष्ट हैं और उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। देखना यह होगा कि धूमा वन परिक्षेत्र के अधिकारी इस विवाद में निष्पक्षता दिखा पाते हैं या मामला फिर किसी फाइल में दबकर रह जाएगा।

# अज्ञात कारणों से लगी आग दो दुकान जलकर राख



### विधायक ने मौके पर पहूंचकर हर-संभव मदद का दिया अवश्वासन

**केवलारी।** बाजार चौक केवलारी सराय के किनारे बर्षो से स्थापित बसंत चौरसिया की पान दुकान एवं बालमुकुंद चौधरी की जूता चप्पल की दुकान में रात के लगभग 3:00 बजे अज्ञात कारणों से लगी आग से दोनों दुकान जलकर स्वाहा हो गयी।दुकान जलने की जानकारी लगने पर विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ने बाजार चौक पहूंच कर जली दुकानो का अवलोकन कर प्रशासन को सहायता देने ओर हरसंभव मदद देने का अवश्वासन दिया।



# पेंच नेशनल पार्क में 3 शावकों के साथ नजर आई जुगनी बाघिन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के पेंच टाइगर रिजर्व के खवासा बफर क्षेत्र में सफारी के दौरान पर्यटकों को रोमांचक नजारा देखने को मिला। पेंच की बाघिन जुगनू अपने 3 शावकों के साथ दिखाई दी। जंगल में अचानक मां और उसके 3 नन्हे शावकों के दिखने से पर्यटक उत्साहित हो उठे और कैमरे में इस अद्भुत पल को कैद कर लिया। बताया जाता है कि जुगनू अपने शावकों के साथ स्वस्थ नजर आई और जंगल में खेलते हुए शावकों की किलकारियों ने माहौल को मनमोहक बना दिया। एक शावक को बाघिन ने अपने जबड़े में उठाकर ले जाते हुए भी वीडियो में दिखाई दे रही है। वन अधिकारियों के अनुसार यह दृश्य पेंच में टाइगर आबादी के संरक्षण और सुरक्षित माहौल का प्रमाण है। इससे पहले भी बाघिन शावकों के साथ नजर आ चुकी है।

पेंच नेशनल पार्क में बाघ, तेंदुआ, भेड़िया और जंगली बिल्ली जैसे शिकारी जानवर पाए हैं। इसके अलावा, चीतल, सांभर, गौर, जंगली सूअर, नीलगाय और चार सींगों वाला मृग जैसे कई शाकाहारी जानवर भी यहां हैं। पार्क में पक्षियों की 200 से अधिक प्रजातियां हैं, जिनमें मोर भी शामिल हैं। देश विदेश से बड़ी संख्या सैलानी पेंच राष्ट्रीय उद्यान आते हैं जिन टाइगर सहित कई वन्य प्राणी देखने को मिल जाते हैं। देश विदेश से बड़ी संख्या में लोग पेंच नेशनल पार्क आते हैं जिन्हें बाघ सहित कई वन्यप्राणी देखने को मिल जाते हैं। जिसने देखकर वह रोमांच से भर जाते हैं।

# आखिरकार हटाये गये चक्कीखमरिया सोसायटी के प्रशासक मानसिंह सनोडिया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के कुरई विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम चक्कीखमरिया स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पंजीयन क्रमांक 772 में विगत सात वर्षों से नियम विरूद्ध ढंग जमे बैठे तथाकथित प्रशासक एवं जनपद सदस्य मानसिंह सनोडिया को आखिरकार प्रशासक पद से हटाने के आदेश जारी कर दिये गये है और उनकी स्थान पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पर्यादित चक्कीखमरिया का कार्यभार संभालने हेतु आरएस सरयाम सहकारी निरीक्षक सहकारिता सिवनी को प्रशासक नियुक्त किया गया है।




सहकारी संस्थाये जिला सिवनी के उप पंजीयक जीएस डहेरिया के द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. चक्कीखमरिया के प्रशासक मानसिंह सनोडिया को म.प्र.सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 48-ए/क, (4)(ए/क) के अंतर्गत निरर्हरता धारित करने से दिनांक 04/11/2025 को कार्यालय में उपस्थित होकर पक्ष समर्थन हेतु लेख किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से दिनांक 06/11/2025 को निर्धारित किया गया था।

मानसिंह सनोडिया के द्वारा उपस्थित होकर पक्ष समर्थन करने के हेतु 15 दिवस का समय चाहा गया था जिस पर श्री सनोडिया को पूर्व में ही सूचना पत्र के माध्यम से अपना पक्ष रखने हेतु 7 दिवस का समय एवं पुनः दो दिवस का अवसर प्रदान किया जा चुका है, साथ ही श्री सनोडिया दिनांक 15/07/2022 से जनपद सदस्य का पद धारण करते है, किन्तु उनके द्वारा इस कार्यालय को इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी गई। इस प्रकार श्री सनोडिया के द्वारा पुनः 15 दिवस का अवसर दिया जाना औचित्य विहीन प्रतीत होता है।

श्री डहेरिया ने आदेश में कहा कि म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 48-ए/क, (4)(ए/क) के अनुसार अगर कोई भी व्यक्ति किसी सोसायटी के अध्यक्ष, सभापति, उपाध्यक्ष या उपसभापति का पद धारण करता है और वह जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, मंडी बोर्ड या मंडी समिति में किसी पद पर निर्वाचित हो जाता है तो सोसायटी का अध्यक्ष या सभापति या उपाध्यक्ष या उपसभापति उस दिन से कार्य करना बंद कर देगा और स्वतः सोसायटी का उक्त पद रिक्त हो जायेगा।

मानसिंह सनोडिया संस्था में 16 नवंबर 2028 से प्रशासक पद पर कार्यरत है तथा प्रशासक पद संचालक मंडल के समस्त अधिकारों को धारित करता है तथा सहकारी समिति के अध्यक्ष या सभापति के समकक्ष है और जनपद पंचायत कुरई के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 से 15 जुलाई 2022 को जनपद सदस्य निर्वाचित होने के पश्चात म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धाराओं के अनुसार मानसिंह सनोडिया द्वारा धारित संस्था के प्रशासक का पद स्वतः ही रिक्त हो गया है। श्री डहेरिया ने जारी आदेश में कहा कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या चक्कीखमरिया के प्रशासन मानसिंह सनोडिया को प्रशासक पद से हटाये जाने के बाद आगामी आदेश तक उक्त संस्था के प्रशासक का कार्यभार सहकारी निरीक्षक आरएस सरयाम संभालेंगे। उक्त आदेश 12 नवंबर को जारी कर दिये गये है।

# नगर मे होंगे 18 करोड़ रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्य, पार्कों एवं तालाबों के सौंदर्यीकरण तथा निर्माण कार्य

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

दिनांक 14/11/2025 को नगर पालिका परिषद सिवनी का साधारण सम्मिलन ''नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया जी की अध्यक्षता'' उपाध्यक्ष श्रीमति डॉली अमित डागौर एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में नगर पालिका कार्यालय भवन में आयोजित किया गया।

जिसमें नगरीय क्षेत्रांतर्गत 18 करोड़ रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्य, पार्को एवं तालाबों के सौंदर्यीकरण तथा निर्माण कार्यों एवं अन्य विषयों के कुल 88 प्रस्ताव विचार एवं चर्चा के लिये परिषद की बैठक में रखे गये जिसमें 86 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुए एवं 02 प्रस्ताव आगामी बैठक के लिये बढाये गये।



विदिति होवे कि आज की बैठक के प्रस्तावों में नगर के विकास कार्यों में नगरीय क्षेत्र अंतर्गत कालोनियों में पार्कों के विकास/निर्माण कार्य, वार्डों में सीसी रोड एवं बीटी रोड, सड़क निर्माण कार्य, नाला/ नालियों का निर्माण कार्य, बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, गार्डन में स्वीमिंग पूल निर्माण कार्य, निकाय में उपयोग होने वाली विभिन्न सामग्री क्रय करने के प्रस्ताव सहित मातृशक्ति संगठन की मांग पर सर्किट हाउस पॉल पेट्रोल पम्प के सामने चौक का शौर्य चौक के नाम से नामकरण करने, राजपूत क्षत्रीय समाज की मांग पर लक्ष्मी नारायण मंदिर पास प्रायवेट बस स्टैण्ड रोड चौक में महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थापित करने, जिला ब्राम्हण समाज सिवनी की मांग पर नगरीय क्षेत्र में संस्कृत विद्यालय निर्माण कार्य हेतु भूमि प्रदाय किये जाने, बबरिया तालाब के समीप आडिटोरियम निर्माण कार्य, बुधवारी तालाब का सौंदर्यीकरण, मुख्यमंत्री अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत नगर मुख्यालय में गार्डन निर्माण कार्य, चिल्ड्रन पार्क निर्माण कार्य के विभिन्न प्रस्ताव परिषद की बैठक में पास हुए।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया ने कहा कि नगर पालिका परिषद सिवनी हमेशा नगर के विकास के लिये कार्य कर रही है एवं नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए शहर स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिये नगरपालिका प्रशासन हमेशा बेहतर सेवाऐं नगर के नागरिकों को प्रदाय करेगी।

# सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिला स्तरीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता तथा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुधार तथा सुरक्षा उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने सडक़ निर्माण विभाग को चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स की तत्काल मरम्मत करने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुधार तेजी से हो सके।

जिला मुख्यालय स्थित मॉडल रोड पर व्यवस्थित यू-टर्न की व्यवस्था को और बेहतर करने, तथा बुधवार मुख्य बाजार एवं नगरपालिका कार्यालय के सामने पथ विक्रेताओं की दुकानों के पास खड़े होने वाले वाहनों से उत्पन्न भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश भी दिए गए।



पुलिस अधीक्षक श्री मेहता ने ओवरस्पीड, अवैध पार्किंग एवं नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा यातायात जागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी रूप से चलाने पर जोर दिया।

सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीण क्षेत्रों में सडक़ सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए पंचायत स्तरीय पहल मजबूत करने की आवश्यकता बताई। बैठक में परिवहन विभाग, पीडब्ल्यूडी एवं नगर पालिका अधिकारियों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

# दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर एक की मौत

**सिवनी** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत कटिया ग्राम के पास गुरुवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, एक बाइक सवार कहानी से कटिया ग्राम की ओर जा रहा था, वहीं दूसरा बाइक सवार घंसौर की तरफ से कहानी आ रहा था। कटिया ग्राम के पास पहुंचने पर दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में माखन लाल पटेल (पिता दीप सिंह पटेल, उम्र 26 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं, संजू डोंगरे (पिता राजेश डोंगरे, उम्र 22 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें हाथ, पैर, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को घटना की सूचना दी। एम्बुलेंस से स्थानीय लोगों की मदद से मृतक और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल संजू डोंगरे की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया।

# 72 वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ

## आत्मनिर्भर भारत के माध्यम के रूप में सहकारिता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी के तत्वावधान में 72वाँ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। सहकारी सप्ताह का आयोजन दिनांक 14 से 20 नवम्बर 2025 तक जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ किया जा रहा है। जिला सहकारी महासंघ सिवनी के प्रशासक एन. डी. कटरे द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि इस वर्ष सहकारी सप्ताह का मुख्य उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से किसानों, श्रमिकों एवं समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहकारिता की महत्त्वपूर्ण भूमिका को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि सामूहिक विकास का सशक्त माध्यम है, जिसके द्वारा ग्रामीण एवं कृषक जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार संभव है।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सहकारी गतिविधियों से जुड़े सदस्यों, कृषकों तथा अधिकारियों को सहकारिता के सिद्धांत, पारदर्शिता, सुशासन एवं सामुदायिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। सप्ताह भर संगोष्ठियाँ, कृषक उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम, सहकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता अभियान आयोजित किए जाएँगे।जिला सहकारी संघ ने जिले की समस्त सहकारी संस्थाओं से इस सप्ताह के कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता करने का आग्रह किया है, जिससे सहकारिता के प्रसार से स्थानिक अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सके।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव शनिवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं — मॉडल प्रस्तुति, विज्ञान प्रदर्शनी, पेंटिंग, कविता, कहानी लेखन, समूह लोकगीत और लोकनृत्य — में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले स्वयं प्रदर्शनी स्थल पहुंचीं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडल, नवाचार आधारित प्रस्तुतियां और क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। श्रीमती पटले ने प्रत्येक प्रतिभागी से संवाद स्थापित करते हुए उनके मॉडल की अवधारणा, कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक अपने प्रोजेक्ट की विशेषताओं को समझाया।

# पशुओं में एंथ्रेक्स रोग से सतर्क रहने की अपील

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जिले में पशुओं में एंथ्रेक्स रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर पशुपालन विभाग ने सतर्कता बरतने की सलाह जारी की है। विभाग के अनुसार एंथ्रेक्स एक घातक जीवाणुजनित रोग है, जो बैसिलस एंथेसीस नामक बैक्टीरिया से उत्पन्न होता है और मुख्य रूप से गाय, भैंस, भेड़ एवं बकरी जैसे शाकाहारी पशुओं को प्रभावित करता है। कई मामलों में यह बीमारी पशुओं की अचानक मृत्यु का कारण बन जाती है।

उन्होंने बताया कि एंथ्रेक्स से ग्रसित पशुओं में मुंह, नाक एवं गुदा से रक्तस्राव, शव का अत्यधिक फूलना तथा प्लीहा का बढ़ जाना प्रमुख लक्षण हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्वस्थ दिखने वाले पशुओं की भी अचानक मृत्यु इस रोग का संकेत हो सकती है।

रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पशुपालन विभाग ने पशुपालकों को सलाह दी है कि एंथ्रेक्स नियंत्रण हेतु पशुओं का वार्षिक निवारक टीकाकरण अवश्य कराएँ।

### घंसौर के खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल

# मुख्यमंत्री ने की घंसौर में खेल मैदान बनाने की घोषणा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

घंसौर / तहसील मुख्यालय घंसौर में बहुप्रतीक्षित खेल मैदान बनाने की घोषणा प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा लाडली बहन कार्यक्रम के दौरान की गई है। विगत 12 नवंबर को मुख्यमंत्री मोहन यादव जिला मुख्यालय सिवनी पहुंचे जहां उन्होंने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए घंसौर में खेल मैदान बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि घंसौर के युवाओं के लिए शीघ्र ही खेल मैदान तैयार किया जायेगा, लगातार उठाई जा रही मांग पर कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण कराया गया था जिसे घोषणा करने में उन्होंने जरा भी देर नहीं लगाई उन्होंने खुले मंच से यह घोषणा कर दी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यालय घंसौर के बालक हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने स्थित खेल मैदान का अस्तित्व समाप्त हो चुका है यहां खेल मैदान परिसर में सांदिपनी विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) का निर्माण कराया गया है, इस मामले में कुछ स्थानीय नागरिकों व खेल प्रेमियों ने खेल मैदान का अस्तित्व समाप्त नहीं किए जाने को लेकर आवाज उठाया था लेकिन प्रशासन के अड़?यिल रवैये के चलते खेल मैदान परिसर पर ही स्कूल भवन का निर्माण करा दिया गया जिससेवर्षों पुराने एक अदद खेल मैदान का अस्तित्व समाप्त हो गया बताया गया कि इस खेल मैदान को स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं खेलप्रेमियों द्वारा बड़ी मेहनत से तैयार किया गया था जिसमें 50 लाख रुपये से अधिक खर्च किये गये थे जो अब इतिहास में तब्दील हो गया। जिसके बाद स्थानीय नागरिकों, युवाओं द्वारा नया खेल मैदान बनाने की मांग की जा रही है किंतु लगभग दो वर्षों से इस मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा था जिससे खेल प्रेमी युवाओं में शासन-प्रशासन के विरूद्ध आक्रोश पनप रहा है, युवाओं के लिए घंसौर में खेल मैदान कानिर्माण एक दिवास्वप्न बनता जा रहा था, खेल मैदान नहीं होने के कारण क्रिकेट, फुटबॉल, वालीबॉल, दौड़ प्रतियोगिता जैसे अन्य खेलों में युवाओं को मौका नहीं मिल पा रहा है। आलम यह है कि लंबे समय से घंसौर में निजी एवं सरकारी तौर पर किसी तरह के खेल कार्यक्रम या प्रतियोगिताएं आयोजित नहीं हो पा रही हैं लेकिन अब मुख्यमंत्री की घोषणा घंसौर के युवाओं के लिए एक उम्मीद की किरण लेकर आई है हालांकि खेल मैदान का निर्माण किस जगह पर किया जायेगा यह स्पष्ट नहीं किया है बताया जा रहा है खेल मैदान निर्माण को लेकर जल्द ही प्रशासनिक तैयारी शुरू हो सकती है।

# मानव जीवन परमात्मा की प्राप्ति हेतु है, विषयों में नष्ट न करें-पं. रूपेश

पीपरवानी स्थित ठाकुर परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव में गुरुवार को कथा के दूसरे दिन व्यासपीठ से पूज्य पं. रूपेश (श्याम) जी महाराज, वाराणसी ने जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन उस परमात्मा की प्राप्ति के लिए मिला है, किंतु मनुष्य इसे विषय-वासनाओं में नष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि जो मनुष्य जीवन के हर क्षण को प्रभु-स्मरण, भक्ति और सत्कर्मों में लगाता है, वही वास्तव में मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर होता है।

कथा के अंतर्गत पूज्य व्यास जी ने शुकदेव भगवान द्वारा परीक्षित को श्रवण की महिमा, भगवान की ध्यान विधि, अजामिल उपाख्यान, सती का देहत्याग, ध्रुव चरित्र तथा भरत चरित्र की विस्तृत कथा सुनाई। व्यास जी ने बताया कि श्रवण, मनन और कीर्तन ही वह मार्ग हैं, जिनसे मनुष्य जीवन के वास्तविक उद्देश्य भगवत-प्राप्ति तक पहुँच सकता है। इससे पूर्व प्रथम दिवस पर उन्होंने प्रथम स्कंध के मंगलाचरण श्लोक की व्याख्या करते हुए बताया था कि संपूर्ण सृष्टि सत्य पर ही आधारित है। सृष्टि के आदि, मध्य और अंत में केवल सत्य ही विद्यमान है, अतः व्यास जी ने किसी देवता का नहीं, बल्कि सत्य का ध्यान किया। उन्होंने कहा था कि भक्ति निष्काम और अहंकार रहित होनी चाहिए, ऐसी भक्ति से ही ज्ञान और वैराग्य का उदय होता है जिससे मानव का कल्याण सुनिश्चित होता है। कथा का आयोजन ठाकुर परिवार द्वारा किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति भाव से कथा श्रवण हेतु उपस्थित हो रहे हैं। आयोजक विक्रांत एवं रितेश ठाकुर ने बताया कि यह श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव 17 नवम्बर 2025, सोमवार तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक पीपरवानी, कुर्सी स्थित ठाकुर निवास पर चलेगा। अंतिम दिवस पर हवन पूजन, पूर्णाहुति एवं भंडारा प्रसाद का आयोजन होगा। आज कथा में गजेंद्र मोक्ष, समुद्रमंथन कथा, वामन अवतार, श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म जैसे प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा।

# बिहार में एनडीए की 'डबल इंजन' दहाड़, जिले में मना जश्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) की जीत के बाद बालाघाट में भी जश्न का माहौल देखा गया। एनडीए ने 200 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जबकि विपक्षी महागठबंधन को सीटों का बड़ा नुकसान हुआ है।

बालाघाट स्थित भाजपा कार्यालय में आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े और नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस जीत का जश्न मनाया।



कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। उन्होंने कार्यालय के सामने से गुजर रहे राहगीरों को भी मिठाई खिलाकर एनडीए की जीत की खुशी साझा की। इस दौरान, कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया और अपनी खुशी का इजहार किया।

आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े ने इस अवसर पर कहा कि यह जीत किसी एक कारक का परिणाम नहीं है, बल्कि यह एनडीए की नीति, नेतृत्व और नीयत की जीत है। उन्होंने जोर दिया कि देश में एनडीए कई वर्षों से विकास के इरादे से काम कर रहा है, जिसे बिहार की जनता ने स्वीकार किया है।

हरिनखेड़े के अनुसार, यह सरकार की कुशल नीतियों और जनता के विश्वास का परिणाम है, जो 2014 के बाद एनडीए नेतृत्व ने अपनी कार्यशैली से हासिल किया है।

## नपा के डे-एनयूएलएम द्वारा पथ विक्रेता लाभार्थियों को किया जा रहा लाभान्वित

# नगर के वार्डों में लग रहा पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेला

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पथ विक्रेता शहरी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है जो लोगों के घरों तक कम दर में वस्तुएं और सेवाएं पहुंचाने है। इन पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना चलाई है। इस योजना से उन पथ विक्रेताओं को सहारा मिला है जो कम पूंजी में काम करते है जिन्हें योजना की राशि से आर्थिक रूप से मदद मिल रही है। बालाघाट नगर पालिका परिषद डे-एनयूएलएम के द्वारा 12 नवंबर से पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित करने नगर के सभी वार्डो में शिविर प्रारंभ किये गये है। बुधवार को नगर के वार्ड क्रं. 1 से इसकी शुरूआत हुई जहां नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने पहुंचकर हितग्राहियों को योजना का लाभ उठाने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान बताया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना का उद्देश्य पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सुदृढ बनाना है।



शहरी क्षेत्र में वेडिंग कर रहे सभी पथ विक्रेताओं इसके लिये पात्र है। जिन्हें लाभ लेने के लिये पहचान के लिये स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया सर्टिफिकेट ऑफ वेडिंग पहचान पत्र हो, ऐसे विक्रेता जिन्हें सर्वेक्षण में चिन्हित कर लिया गया है परंतु पहचान पत्र जारी नहीं किया गया। जानकारी दी गई कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रूपये तक के ऋण पात्रता के आधार पर प्रदान किये जाएंगे। बैंकों में लगने वाले दस्तावेजों में आधार कार्ड, वोटर आईडी, समग्र आईडी, आधार उद्योग पंजीयन, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो-2, पेन कार्ड, व्यवसाय के साथ फोटो सहित अन्य दस्तावेज शामिल है। स्वनिधि से समृद्धि के अंतर्गत पथ विक्रेताओं और उनके परिवार वालों का सामाजिक-आर्थिक दस्तावेज होगा जिसमें लाभार्थी को भारत सरकार की 8 कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा। जिसमें पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा, पीएम श्रम योगी समाधान योजना, पीएम जन-धन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, जननी सुरक्षा योजना, बीओसीडब्ल्यू अंतर्गत पंजीकरण एवं पीएम मातृ वंदना योजना का लाभ भी साथ-साथ मिलेगा। नगरपालिका बालाघाट के डे-एनयूएलएम शाखा द्वारा शिविर के माध्यम से लोक कल्याण मेला नगर के सभी 33 वार्डो में आयोजित किया जा रहा है जहां पहुंचकर लाभार्थियों के दस्तावेज एकत्रिकरण कर फार्म भरवाकर उन्हें तुरंत लाभ प्रदाय किया जा रहा है। अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर पथ विक्रेता हितग्राहियों से लाभ लेने की अपील नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर द्वारा की गई है।

## नवेगांव के पट प्रतियोगिता से बाइक हुई चोरी

**कटंगी।** थाना क्षेत्र में बदमाशों के द्वारा आए दिन चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। 11 और 12 नवंबर की रात्रि ही अज्ञात चोर ने कटंगी शहर के गुजरी चौक में स्थित एक गैरेज का ताला तोड़कर बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस घटना के ठीक 24 घंटे बाद फिर बाइक चोरी की वारदात सामने आई है। पीड़ति बाइक मालिक ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। बाइक मालिक धम्मशिल पिता अशोक बोरकर निवासी मंगलेगांव ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 नवंबर को वह नवेगांव पट प्रतियोगिता में पट देखने के लिए गया था। पट प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद जैसे ही वह अपनी बाइक की तरफ लौटा बाइक गायब थी। काफी तलाश करने के बाद भी कहीं नहीं मिली।

## गांव के हर घर में नल से पहुंचने लगा है शुद्ध जल

# लिंगापौनार के ग्रामीणों की पेयजल की समस्या का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड के ग्राम लिंगापौनार के ग्रामीणों की पानी की समस्या अब दूर हो गई है। इस गांव के हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध जल पहुंचने लगा है। हर घर में शुद्ध जल पहुंचने से यह ग्राम 'हर घर जल ग्राम' बन गया है। इससे ग्रामीणों का जीवन खुशहाल बन रहा है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक पेयजल पहुंचाने के कार्यों में तेजी आई है। जल जीवन मिशन की नल-जल योजना के अंतर्गत ग्राम लिंगापौनार में पेयजल प्रदाय के लिए टंकी बनाई गई है। टंकी के माध्यम से नल कनेक्शन देकर गांव के हर घर में शुद्ध जल पहुंचाया जा रहा है और गांव के 367 घरों की 1840 आबादी को शुद्ध जल मिलने लगा है। पहले इस गांव में जल आपूर्ति का मुख्य साधन कुआँ एवं तालाब थे और ग्रीष्मकाल के दौरान



जलस्तर गिरने से सूखे की स्थिति निर्मित हो जाती थी। इसके कारण ग्रामीणों खासकर महिलाओं को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। जिसके कारण ग्रामीणों एवं महिलाओं को घर के अन्य कार्य करने में देरी हो जाती थी । नल के द्वारा घर पर शुद्ध जल पहुंचने से गांव की महिलाओं को सबसे अधिक राहत पहुंची है।

अब लिंगापौनार गांव की महिलाओं को पानी के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता है। जल जीवन मिशन की इस योजना ने महिलाओं के जीवन में व्यापक बदलाव लाया है । इस गांव के 367 घरों में नल कनेक्शन लगाए जाने और उनसे जल प्रदाय होने से इस गांव को 'हर घर जल ग्राम' घोषित किया गया है। नल-जल योजना के व्यवस्थित संचालन के लिए गांव में जल कर की वसूली के लिए समिति का गठन किया गया है, जो जल कर की नियमित रूप से वसूली करेगी।

## 15 दिनो के भीतर सरेखा अंडरपास को ठीक करने के निर्देश

# कलेक्टर ने की रेलवे ओव्हरब्रिज निर्माण कार्यों की समीक्षा

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 14 नवम्बर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, सेतु निर्माण उपसंभाग, लोक निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, यातायात एवं नगर पालिका के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में निर्माणाधीन 04 रेलवे ओव्हरब्रिज के कार्यों की समीक्षा की और इन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री वैशाली सिंह, सेतु निर्माण संभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अर्जुन सिंह सनोडिया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बालाघाट जिले के अंतर्गत बालाघाट-गोंदिया मार्ग में सरेखा क्रॉसिंग के अंडर पास के सुधार कार्य को 15 दिन में अनिवार्य रूप से पूर्ण कर पूर्व की भांति यातायात चालू करने के निर्देश दिये गए। इसके साथ ही सरेखा रेलवे ओव्हरब्रिज के शेष सर्विस मार्ग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। बालाघाट कटंगी सेक्शन के गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर आर.ओ.बी. निर्माण के लिए 15 नवंबर 2025 से ट्रैफिक बंद किया जा रहा है। इस कार्य में शीघ्र गर्डर लाकर लांचिंग कार्य सहित तीनों स्पान का सम्पूर्ण कार्य दिसंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। रेलवे के अधिकारियों को डेंजर रोड बायपास मार्ग के अंडर पास से यातायात के व्यवस्थित संचालन के लिए अंडरपास को दुरुस्त करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान सेतु संभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि गर्रा ओव्हरब्रिज के दो स्लैब का कार्य शेष हैं इसे दिसंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाएगा। गर्रा रेलवे क्रासिंग से आवागमन बंद रहने के दौरान डेंजर रोड से व्यवस्थित आवागमन के लिए डेंजर रोड में मरम्मत कार्य, शोल्डर, गड्ढे का सुधार कार्य करने के साथ जहां आवश्यक हो साईन बोर्ड लगाने के निर्देश दिये गए। इसके साथ ही जय स्तंभ चौक से आकाशवाणी होते हुए बिजली ऑफिस तक पर्याप्त स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था करने कहा गया।बालाघाट कटंगी सेक्शन के वारा रेलवे क्रॉसिंग पर आर.ओ.बी. का निर्माण कार्य गर्डर लांचिंग सहित दिसंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। रेलवे विभाग 31 दिसंबर 2025 तक गर्डर लांचिंग का कार्य पूर्ण कर स्लैब, बियरिंग कोट इत्यादि का कार्य अनिवार्यतः पूर्ण किया जावे।

# जनपद अध्यक्ष व सभापति ने सहकारिता विभाग की ली समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

जनपद पंचायत किरनापुर के सभा हॉल में जनपद अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह की अध्यक्षता एवं सहकारिता एवं उद्योग समिति सभापति श्री मती दीनेश्वरी पारधी, श्रीमती वर्षा बढ़ई सदस्य, दिनदयाल पारधी विधायक प्रतिनिधि, सुरज चौहान विधायक प्रतिनिधि की उपस्थिति ये बैठक रखी गई कार्यो की समीक्षा एवं भवन की उपलब्धता व अन्य विषयों पर की जानकारी ली। साथ में समिति के सदस्य व विभाग प्रमुख, ब्लॉक के सभी समिति प्रबंधक, उपस्थित रहे। जिसमें सहकारिता विभाग से श्रीमती वीणा बिसेन सहायक प्रबंधक, हर्षित भलावी सहकारिता विस्तार अधिकारी, रमेश चंद लांजेवार प्रबंधक, रविंद्र गेडाम प्रबंधक, मुकेश क्षीरसागर प्रबंधक ,लोकेश भारद्वाज, हीरालाल बिहोने, अश्विनी रंहांगडाले, कार्तिक बिसेन प्रबंधक एवं समस्त सहकारिता समिति कर्मचारी, की उपस्थिति सराहनीय रही।

## बाल दिवस पर विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# पी.एम. श्री शासकीय स्कूल माटे में उत्साह पूर्वक मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पी.एम. श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माटे (किरनापुर)में 14 नवंबर को बाल दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू की 136 वी जयंती के उपलक्ष्य में बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने हेतु कई आकर्षक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य और सभी शिक्षक शिक्षिका द्वारा नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, गीत-संगीत, नृत्य, कविता पाठ, चित्रकला प्रतियोगिता और खेलकूद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।शिक्षकों ने बाल अधिकार, शिक्षा के महत्व और बच्चों के सुरक्षित भविष्य पर प्रेरणादायी संदेश भी दिए ।बाल दिवस का यह आयोजन बच्चों में र च ना त्म क ता , आत्मविश्वास और नेतृत्व गुणों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि यश नागेश्वर कक्षा पहेली का छात्र था।और संरक्षक श्री श्यामकरण पटले प्रभारी प्राचार्य, एम.ए. कुरैशी और सभी शिक्षक शिक्षिका की गरिमामई उपस्थिति रही।अंत में छात्र छात्रा को स्वल्पाहार प्रदान कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

# बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सीएचएमओ डॉ. उपलप को किया जायेगा सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के समापन वर्ष पर दिनांक 15 नवम्बर 2025 को राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले एवं विकासखण्डों को पुरस्कृत किया जा रहा है। इसमें प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बालाघाट, बैतूल एवं छिंदवाड़ा के जिला अधिकारी एवं विकासखंड स्तर पर सिवनी जिले के लखनादौन व बुरहानपुर जिले के खकनार विकासखंड के अधिकारियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जायेगा। 15 नवंबर को राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ₹125 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान₹ में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 03 जिलों एवं 02 जनजातीय बाहुल्य विकासखण्डों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाना है। इसमें बालाघाट के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप एवं नोडल अधिकारी डॉ. राजाराम चक्रवर्ती को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जायेगा। यह बालाघाट जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि और गर्व की बात है। संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा प्रदेश के 03 जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/नोडल अधिकारी तथा 02 विकासखण्डों के ब्लॉक मेडिकल आफिसर/नोडल अधिकारियों का चयन कर पुरस्कृत किए जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किए गए हैं।

## फुटबॉल प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर चयन

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय महाविद्यालय बालाघाट में 30.10.25 से 31. 10.25 तक आयोजित हुआ था जिसमें शासकीय महाविद्यालय हटटा की फुटबॉल टीम ने शिरकत की थी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छवि पटले एवं भूपेंद्र पांचे का चयन संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है उक्त प्रतियोगिता छिंदवाड़ा में दिनांक 17 एवं 18.11.2025 को आयोजित है दोनों खिलाड़ी प्रतियोगिता में बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्रों के चयन पर संस्था के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार बिसेन एवं संस्था के समस्त स्टाफ एवं हटटा ग्राम के खेल प्रेमियों ने छात्रों को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिऐ अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। उपरोक्त जानकारी संस्था के क्रीड़ाधिकारी डॉ.सचिन तिवारी द्वारा प्रदान की गई।

# बाल दिवस पर महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित हुआ रंगारंग बाल मेला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में शुक्रवार, 14 नवंबर को बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने विभिन्न प्रकार की खाने-पीने की दुकानें लगाईं, जिनमें माता-पिता एवं आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की।मेले की शुरुआत सुबह 11 बजे हुई। जिसमें गुरुपूजन कर महर्षि महेश योगी जी और स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी जी और प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया जी द्वारा किया गया ।शहर के नागरिकों, अभिभावकों और बच्चों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मेले का आनंद लिया। बच्चों ने लिट्टी चोखा ,इडली डोसा,नूडल्स, चाट, मोमोज, भेल, फिंगर चिप्स, मैगी, पापड़ी ,दही बड़े, और घर के बने अन्य व्यंजनों की दुकानें सजाई।शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बच्चों से खरीदारी कर उन्हें प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया ने बताया कि यह आयोजन पंडित जवाहरलाल नेहरू की जन्म जयंती पर आयोजित किया गया, जिन्हें ₹चाचा नेहरू₹ के रूप में जाना जाता है।उन्होंने कहा कि बाल मेला बच्चों में टीमवर्क, आत्मनिर्भरता, रचनात्मकता और सामाजिकता को बढ़ावा देता है।इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण कक्षा तीसरी से पांचवीं के नन्हे बच्चों द्वारा अभिभावकों के सहयोग से विभिन्न स्टालों का सफल संचालन रहा , इसके साथ ही कक्षा छठवीं से बारहवीं के बच्चो ने भी नाना प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगा कर अपनी व्यावसायिक प्रतिभा का परिचय दिया।इस आयोजन को सफल बनाने में संस्था के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।पूरे मेले के दौरान श्री नीरज तिवारी और श्री सुदीप दासगुप्ता द्वारा रोचक कमेंट्री की गई।श्री अमित यदुवंशी और श्री सतीश कुमार चौरसिया ने सभी अभिभावकों ,विद्यार्थियों और विद्यालय के ऊर्जावान,सजग एवं कर्मठ कर्मचारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और सफल संचालन की बधाई दी। समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा ।

## 50 दिनों से लापता बेटा, माता-पिता को सता रहा अनहोनी का डर

# किशोर को प्रेम जाल में फंसाकर भगा ले गई युवती

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

आमतौर पर किसी युवक पर युवती, किशोरी बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगता है। लेकिन बालाघाट जिले के कटंगी थाना से एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां पर एक हिंदू युवती पर मुस्लिम समाज के किशोर को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगा है। किशोर के माता-पिता ने बकायदा थाने में अपने बेटे के गुम होने की शिकायत दर्ज करवाई है और हिंदू युवती पर उसे भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है। इस घटना के संज्ञान में आते ही पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। जिसके चलते बीते दिनों कटंगी पुलिस पश्चिम बंगाल तक जा पहुंची बावजूद इसके दोनों का अब तक कहीं कोई पता नहीं चल पाया है। पूरा मामला कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 07 के मुस्लिम परिवार के



तमीम शेख और अंसेरा गांव के हिंदू परिवार की युवती से जुड़ा हुआ है। मुस्लिम परिवार इस बात से डरा हुआ है कहीं उनके बेटे के साथ अनहोनी तो नहीं हो गई।

कक्षा 12 वीं का छात्र तमीम शेख 25 सितंबर 2025 से लापता है और उसी दिन से अंसेरा की वह युवती भी लापता है जिस पर तमीम को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप है। तमीम के माता-पिता बताते है कि करीब एक साल पहले उन्हें दोनों के प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला। जिसके बाद उन्होंने



ही युवती के परिजनों को जानकारी दी और एक बैठक कर दोनों को समझाइश दी गई कि वह दोनों एक दूसरे से दूर रहे। इस बैठक के बाद तमीम से उसका फोन भी छीन लिया गया। तमीम के माता-पिता बताते है कि बैठक के करीब 06 माह बाद युवती ने तमीम के एक दोस्त से सोशल मीडिया साइट के मैंसेजर के जरिए संपर्क किया और फिर तमीम से मिलने के लिए बुलाया और उसी दिन से दोनों लापता है। तमीम की मां जुबैदा शेख और पिता बदरूल शेख बताते है कि उन्होंने बेटे के गुम होने की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी की और उसे सकुशल खोज करने की मांग रखी। पुलिस तलाश कर रही है। सोशल मीडिया के जरिए भी जगह-जगह तमीम शेख के बारे में पता करने की कोशिश हो रही है परंतु हर कोशिश नाकाम हो चुकी है जिस कारण किसी अनहोनी का डर सता रहा है। मुस्लिम परिवार का कहना है कि युवती के मामा ने बेटे को धमकी दी थी।

बता दें कि बदरूल शेख मूलतः पश्चिम बंगाल के निवासी है करीब 15 वर्षों से वह कटंगी शहर में आकर निवास कर रहे है और अब यहीं के मतदाता भी बन चुके है। बदरूल शेख ने बताया कि बेटे की तलाश करते हुए वह भी अपने पैतृक गांव पहुंचे किंतु वहां भी कुछ पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि जिस युवती ने उनके बेटे को गुमराह कर अपने साथ भगाया है उस युवती के बैंक खाते से पश्चिम बंगाल में पैसा निकाला गया यह जानकारी पुलिस ने उन्हें बताई थी। पुलिस जब इस आधार पर उनकी तलाश करने पहुंची तो वहां कोई नहीं मिला। इसलिए वह भी अपने बेटे की तलाश करते हुए गांव गए थे। गौरतलब हो कि पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों से पूछताछ भी की. मगर, जिन लोगों से पूछताछ की गई उनसे भी कोई सुराग नहीं मिला। खैर, 50 दिनों से दोनों लापता हैं और कहीं कोई पता नहीं चल रहा है।